मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 | अंक - 51 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 11 सितंबर से 17 सितंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## महाराष्ट्र / १६ विधायकों पर अयोग्यता की तलवार!



**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित गुट के १६ विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटक गई है, इसे लेकर १४ सितंबर से विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से सुनवाई होगी। महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक खंडपीठ ने विधायकों के अयोग्यता पर फैसला लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है। इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने आगे की कार्रवाई के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के साथ ही घाती गुट के विधायकों को सुनवाई का नोटिस भेजकर उन्हें १४ सितंबर को विधानमंडल में प्रत्यक्ष उपस्थित रहकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। इससे पहले विधायकों की अयोग्यता के संबंध में लिखित स्वरूप में पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। उसके तहत दोनों पक्षों के सदस्यों द्वारा लिखित स्वरूप में पक्ष रखा गया है। उसी आधार पर विधानमंडल सचिवालय में दायर याचिका पर अब प्रत्यक्ष सुनवाई होगी। सुनवाई में क्या पैष्ठसला होता है, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

**होगी मैराथन सुनवाई**

शिवसेना छोड़कर घाती गुट में शामिल हुए विधायकों पर अयोग्यता की कार्रवाई करने को लेकर दायर सभी याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक साथ सुनवाई होगी। विधानमंडल के मध्यवर्ती सभागृह में विधानसभा शिवसेना विधायक के रूप में पंजीकृत विधानसभा के ५४ विधायकों की मैराथन सुनवाई होगी।

## DRI ने मुंबई ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर लगभग 32.31 करोड़ रुपये की सुपारी जब्त की


**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) मुंबई ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर लगभग 32.31 करोड़ रुपये की सुपारी जब्त की है। खुफिया जानकारी के आधार पर, इनलैंड कंटेनर डिपो तालेगांव के लिए भेजे गए 14 कंटेनरों (40 फीट) को डीआरआई मुंबई ने 31 अगस्त को जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर इस संदेह पर रोक लिया था कि उनमें सुपारी हो सकती है। कंटेनरों को भीतरी इलाकों में उक्त शुष्क बंदरगाह पर ले जाने से पहले जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट बंदरगाह पर रोक दिया गया था, क्योंकि यह संदेह था कि माल को चोरी किया जा सकता था या रास्ते में बदला जा सकता था। आयात घोषणापत्र विवरण और लदान



बिल में की गई घोषणा के अनुसार, कंटेनरों को 'कैल्शियम नाइट्रेट' ले जाना था।

हालाँकि, जांच से पता चला कि यह बेशर्म गलत घोषणा का मामला था और सभी 14 कंटेनरों में सुपारी थी जिसे कैल्शियम नाइट्रेट की आड़ में भारत में तस्करी की जा रही थी। सरकार ने देश में आयातित सुपारी पर प्रति मीट्रिक टन 10379 अमेरिकी डॉलर का टैरिफ मूल्य लगाया है।

## 2 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार



**नई दिल्ली :** पुलिस ने रविवार को कहा कि गुवाहाटी में 2 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन रखने के आरोप में कम से कम चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बसिष्ठा पुलिस स्टेशन के तहत जोराबाट चौकी की एक टीम ने गुवाहाटी शहर के पूर्वी प्रवेश बिंदु पर एक चेक-पोस्ट स्थापित की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान रविवार तड़के एक कार से 251.2 ग्राम हेरोइन जब्त की गई और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा जी20 सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा का मंच नहीं...

**नई दिल्ली:** जी20 शिखर सम्मेलन में अपनाए गए दिल्ली घोषणा में यूक्रेन संघर्ष को कूटनीतिक शब्दजाल में 'हल्का' कर दिए जाने पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने रविवार को कहा कि यह समूह राजनीतिक चर्चा का मंच नहीं है। हालाँकि, उन्होंने कहा कि जी20 के अधिकांश देशों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की। दोपहर के भोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद बोलते हुए, मैक्रॉन ने यूक्रेन संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि जी20 को इन मुद्दों पर नहीं फंसना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति के लिए प्रतिबद्ध है। मैक्रॉन ने कहा कि शिखर सम्मेलन में राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के




सिद्धांतों को बनाए रखने के बारे में बात की गई। उन्होंने कहा, ''जी20 शिखर सम्मेलन ने एकता का संदेश दिया है।'' मैक्रॉन ने कहा, ''इस मंच का मुख्य काम अर्थव्यवस्था और वैश्विक मामलों पर समन्वय है; स्थिरता, सुरक्षा और शांति नहीं। अगर हम एक या दो विषयों पर असहमत हैं तो हमें सब कुछ बंद नहीं करना चाहिए। (रूस के) राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन यहां इसलिए नहीं आये क्योंकि हममें से कई ने उन पर प्रतिबंध लगा रखा है, और उचित कारणों से। मुझे लगता है कि जो हो रहा है वह बहुत गंभीर है और हर किसी के लिए चिंताजनक है।'' मैक्रॉन ने भारत की अध्यक्षता की सराहना करते हुए कहा कि मौजूदा खंडित माहौल को देखते हुए भारत ने जी20 अध्यक्ष के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे (भारत-फ्रांस) के बीच एक मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी है। हमारे बीच बहुत मजबूत रक्षा साझेदारी थी और हमने इस साझेदारी को मजबूत किया है - खासकर पिछले दो वर्षों के दौरान। हमारे बैस्टिल दिवस के दौरान आपके प्रधानमंत्री की यात्रा, एक महत्वपूर्ण क्षण था। फ्रांसीसी लोग बहुत गौरवान्वित थे और उन्होंने आपके देश के प्रति मित्रता और सम्मान महसूस किया। हम रक्षा सहयोग में आगे बढ़ेंगे, हम आने वाले दिनों में अपने रक्षा रोडमैप के सभी अलग-अलग हिस्सों, अतिरिक्त अनुबंधों और खरीदों को मूर्त रूप देंगे।'' अगले महीने होने वाली अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक समूह की आगामी वार्षिक बैठकों पर, मैक्रॉन ने कहा, ''आईएमएफ के बाद, जब अफ्रीकी देशों के ऋण के पुनर्गठन की बात आती है तो हम उभरते देशों द्वारा कुछ बड़ी प्रतिबद्धताओं की उम्मीद करते हैं। हम और अधिक करने के लिए तैयार हैं, और हमने आज यह कहा। तो यह वही एजेंडा है, दुनिया भर में अधिक वित्तपोषण, जुटाना।

## प्रिय मूल्यवान पाठकों और विज्ञापनदाताओं...

हम अपने समाचार पत्र की स्थापना के पिछले एक दशक उल्लेखनीय उपलब्धि का सितंबर 25 को 12वें वर्ष में कदम रख रहे हैं, इस अवसर पर एक विशेषांक प्रकाशित कर जश्न मनाने जा रहे हैं। हमारे लिए यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है,जो उन कहानियों से भरी हुई है पिछले दशक में हिंदी साप्ताहिक कदम कदम हमारे समाज में सूचना का प्रतीक, प्रेरणा का स्रोत और सच्चाई की आवाज रहा है। सटीक और समय पर समाचार देने के प्रति आपके समर्पण के साथ-साथ पत्रकारिता की अखंडता को बनाए रखने की आपकी प्रतिबद्धता ने आपको मेरे सहित अनगिनत पाठकों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है।

हम अपने समर्पित पाठकों, हमारी पत्रकारिता में आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपके पाठक वर्ग उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज के पीछे प्रेरक शक्ति रहे हैं। हमारे सम्मानित विज्ञापनदाताओं के प्रति, हम अपने संदेशों और पेशकशों को हमारे संलग्न दर्शकों के साथ साझा करने के लिए हमारे साथ साझेदारी करने के लिए अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करते हैं। आपका योगदान हमारे मिशन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है। जैसे ही हम पिछले 11 वर्षों पर विचार करते हैं, हम उत्साह और प्रत्याशा के साथ भविष्य की ओर भी देखते हैं। ज्ञानवर्धक, निष्पक्ष और प्रभावशाली समाचार देने की हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत बनी हुई है।


हमारी यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनने के लिए कदम कदम पर का परिवार प्रमुख होने के नाते आप सभी का साधुवाद करता हूं। यहां कई वर्षों की सूचित कहानी और सार्थक संबंध मौजूद हैं और मौजूद रहेंगे। विशेषांक में प्रकाशन सामग्री जैसे हार्दिक शुभकामनाएं विथ फोटो, इश्तहार एवं लेख कृपया 20 सितंबर के पहले साझा करें।

धन्यवाद!

**ACCOUNT DETAILS**

--------------------

Bank of Maharashtra
Kanjur Marg (W)
A/c Name : Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East),
Mumbai - 78.
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397



सादर
छोटेलाल शर्मा, प्रधान संपादक



तस्वीर में, मीडिया समूह दैनिक विधान केसरी के मालिक एवं वरिष्ठ संपादक श्रद्धेय श्री विनेश ठाकुर जी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेते हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के ब्यूरो चीफ लखनऊ श्री सूर्य प्रताप ठाकुर.





## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# राजनीति भी अजीब

**राजनीति भी अजीब है। सरकार कुछ नहीं करती तो उस पर सवाल उठाती है। जब कर डालती है तो भी उठाती है। अब सरकार करे तो क्या करे? वह हाथ पर हाथ धरे तो बैठ नहीं सकती। उसे चलना भी होता है, नहीं तो यह आरोप लगता है कि सरकार चल नहीं रही है। बहरहाल 'महंगाई-महंगाई' की रट लगा रहे लोग उस समय भौंचक रह गए जब सरकार ने एक झटके में भारी राहत दे दी। गैस का गुब्बारा जो आसमान छू रहा था, एकदम से फुस्स होकर जमीन पर आ गिरा। सुनने में आया है कि यह सीधा विपक्ष के ऊपर गिरा है। सरकार की इस उदारता को भी विपक्ष ने अपने ऊपर प्रहार माना। सरकार चाहती तो वह हथौड़ा या बुलडोजर भी उतार सकती थी, पर एक नरम चोट से ही विपक्ष गरम हो गया। इसी वजह से वह चीखने-चिल्लाने लगा है। उसे डर है कि अगर सरकार जनता के लिए उदार साबित हो गई तो उसको 'निर्मम' साबित करना और मुश्किल होगा। राहत के बदले सरकार को तो जनता से उम्मीद है, पर विपक्ष को नहीं। आजकल वैसे भी जनता किसी मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेती। महंगाई में रहते-रहते वह इतना अभ्यस्त हो गई है कि उसे इसके चढ़ने-उतरने का पता ही नहीं चलता। हद तो यह कि विपक्ष 'एका' के गीत गा रहा है और जनता अपने काम में तल्लीन है।**

**अभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे तो हो-हल्ला मचा। आगे पता नहीं और क्या-क्या घटने वाला है! विपक्ष को लगता है कि उसकी सीटें घटने वाली हैं। सरकार ने अचानक सत्र बुला लिया है। इसमें भी उसे कुछ घटने की आशंका है। कुछ लोग हवा उड़ा रहे हैं कि सरकार 'एक देश-एक चुनाव' का मसौदा ला रही है। ऐसा हुआ तो कई दल घट जाएंगे। सरकार भी कुछ बता नहीं रही है। वह हवा दे रही है। उसे लगता है यह 'स्कीम' जनता के हित में है। जब हर बार उसे ही जीतना है तो चुनाव बार-बार क्यों हों? इससे विकास कार्यों में बाधा पड़ती है। चुनावों में जो पैसा पानी की तरह बहता है, उसे जनहित में रोकना होगा। वैसे यह खबर सोलह आने सच नहीं है, पर सरकार यह सब सोच सकती है। वह हमेशा दूर की सोचती है। उसे यूं ही 'दूरदर्शी' नहीं कहा जाता! हां, सरकार की निकटदृष्टि कमजोर होती है। पास होती घटनाएं इसीलिए उसे नजर नहीं आतीं। यह दृष्टि का दोष है, सरकार का नहीं। असल बात तो यह कि खिलाफ पार्टी वाले जनता को लगातार उकसाते हैं। सरकार के नेक कदम की सराहना करने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठाते हैं।**

**टमाटर और गैस के दाम एकदम से कम होने के बाद सरकार का आभार जताना चाहिए था। बजाय इसके यह कहा जा रहा है कि दाम तिगुने करके थोड़ा कम कर दिए तो इसमें खास क्या है! उस पर यह बेहद गंभीर आरोप भी लग रहा है कि वह चुनाव देखकर डर गई है। अव्वल तो सरकार किसी से डरती नहीं है। हां, विपक्ष भले उससे डर रहा हो और चुनावों से भी। इसीलिए आए दिन उसकी बैठकें हो रही हैं। लोग मिल रहे हैं, पर मन नहीं। गठबंधन एक है, पर नेता अनेक हैं। इनमें किसी के पास न तो सरकार जैसी दृष्टि है और न ही सरकार चलाने का बूता। चुनाव बाद आपस में ही मारामारी होगी। लगता है कि सरकार इसी 'हिंसा' को रोकना चाहती है। बार-बार न चुनाव होंगे, न बार-बार जूता-लात होगा। फिर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए जा रहे हैं।**

# शैलेंद्र शर्मा (बबलू) के नेतृत्व में हेयर कटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**विशेष प्रतिनिधि, अनंत लाल शर्मा**

**मुंबईः** सैलून ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन महाराष्ट्र से संलग्न एकता नाभिक एसोसिएशन ने





04 सितंबर दिन रविवार को 10 प्रतिभागियों और हेयर कटिंग के काम की बारीकियों से मूल्यांकन करने वाले निर्णायकों के साथ दत्त मंदिर हाल भांडुप में एक हेयर कटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजर शैलेंद्र शर्मा (बबलू) और उनके सहयोगी अशोक शर्मा, नरेंद्र, शेर बहादुर, सैयद सलमानी, राजेश्वर और सुनील ने इस हेयरड्रेसर आयोजन को सफल बनाया।



बता दें प्रतियोगिता का आयोजन हेयर कटिंग काम की रचनात्मकता और कौशल को बढ़ावा देने की उद्देश्य किया गया था। एसोसिएशन के प्रयासों से इस क्षेत्र में काम करने वाले कारीगरों की प्रतिभा को कंपटीशन के माध्यम से प्रोत्साहित कर हेयर स्टाइल की दुनिया में अलग खड़ा होने का मुकाम मुहैया कर रही है। एसोसिएशन के मुंबई प्रदेश सचिव निलेश रणदिवे एवं सचिन टक्के प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रहे। एसोसिएशन महासचिव किशन राव कोल्हाडे अध्यक्ष तुषार चव्हाण एवं हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्री छोटेलाल शर्मा ने आयोजन में शिरकत की।

प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने हुनर और बालों को कलाकृतियों में बदलने की अपनी क्षमता का सभी प्रतिभागियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने सोनू सत्यमणि के फर्स्ट, प्रेम शंकर शर्मा को सेकंड, रोहित शर्मा को थर्ड घोषित किया।

सभी सम्मानित प्रतिभागियों का पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। तुषार चव्हाण ने अपनी बात को रखते हुए विजेता बनकर उभरे प्रतिभागियों का अभिवादन एवं उनके काम का कौतुक किया। उन्होंने कहा कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए हेयर स्टाइल में विस्तार, सटीकता और अपनी कला के प्रति जुनून प्रतिभाशाली और निपुण हेयर स्टाइलिस्ट विजेता का कारण बनी। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आने वाले दिनों में हेयर ड्रेसिंग उद्योग में विजेताओं का भविष्य और भी अधिक उल्लेखनीय, उपलब्धियों और सफलताओं से भरा होगा।

# सीखने की कोई उम्र नहीं होती, आदमी जिंदगी भर सीखता रहता है : कैरोलिन सत्तूर

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बिलासपुर,छत्तीसगढ़।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) जरहाभाठा में नर्सिंग असिस्टेंट के छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर संस्था विद्यार्थियों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की । इसके अलावा बच्चों ने नृत्य, संगीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन रंजिता ने किया।

कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की प्राचार्या डॉ कैरोलिन सत्तूर, सत्य साई हेल्प वे श्रवण बाधित बालिका छात्रावास की संचालिका ममता मिश्रा, बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, समाज सेविका विद्या गोवर्धन प्रसिद्ध और प्राइमरी स्कूल तारबहार की प्रधान पाठिका पूजा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।डॉक्टर कैरोलिन सत्तूर ने इस मौके पर कहा कि हर कोई अपने आप में एक शिक्षक है क्योंकि हम






हर एक किसी से चाहे वह छोटा हो या बड़ा कुछ न कुछ सीखते हैं। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती, आदमी जिंदगी भर सीखता रहता है।

ममता मिश्रा ने कहा कि ये वो जमाना है जहां बच्चों के लिए प्रारम्भिक ज्ञान जरूरी है इसलिए सभी बच्चे समर्पित रूप से अपनी पढ़ाई कर अपने पैरों पर खड़े हों। मिताली घोष ने कहा कि आपका भविष्य आपके हाथों में है इसे आपको सजाना संवारना है । पूजा तिवारी ने कहा कि सभी गुरु आप लोगों पर समर्पित होकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं इसलिए आप लोगों को भी उनका साथ देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रंजिता और आभार प्रदर्शन संध्या चंद्रसेन ने किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मिंटू अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल, मानसी सिंह, दीप जोशी, अभिषेक जोशी, शिवानी, आस्था, तनुजा एवं संस्था के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




**हिंदी साप्ताहिक कदम कदम परिवार के वरिष्ठ युवा सहयोगी श्री दीपक शर्मा जी को जन्मदिन की असीम शुभकामनाएं, आप स्वस्थ रहें, आपकी कीर्ति बढ़े ,यश फैले और आप आपने उद्देश्य को पाने में सफल हों यही आशीर्वाद.!**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# दो दिवसीय वार्षिक बैठक

ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय वार्षिक बैठक आज दिनांक 9 सितंबर 2023 को अखिल भारतीय




सेन समाज धर्मशाला 170- न्यू हरिद्वार कॉलोनी देवभूमि अस्पताल के सामने- हरिद्वार उत्तराखंड के सभागार में 10:00 बजे दिन से आरंभ हुई । इस बैठक में उत्तराखंड उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश दिल्ली हरियाणा राजस्थान महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की ।बैठक की शुरूआत माननीय रघुनाथ प्रसाद नंद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया। अन्य मंचासीन अतिथियों में माननीय मदन कुमार सेन प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड, राम शील शर्मा एडवोकेट राष्ट्रीय विधि सलाहकार, माननीय एस के पी नंद प्रधान संपादक नंद युग के साथ तथागत अरहत उपाली के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं महापुरुषों बी आर अंबेडकर ,प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्म नंद, भिखारी ठाकुर ,जननायक कपूरी ठाकुर के चित्रों पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया । कार्यक्रम के प्रारंभ में एस के पी नंद प्रधान संपादक ने उपस्थित जनमानस को बुद्ध वंदना करा कर पंचशील ग्रहण कराया । इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई । राष्ट्रीय महासचिव मान्यवर अवध राज नंद द्वारा विगत बैठक की कार्यवाही की कार्य को पढ़कर सुनाया तथा पुष्टि कराई । इसके पश्चात इस बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर गंभीर विचार वर्ष शुरू हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रघुनाथ प्रसाद नंद ने किया तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव अवध राज नंद ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य नारायण सेन ,अशोक कुमार नंद ,एम पी वर्मा ,डॉक्टर पी एन ठाकुर, हरद्वारी लाल आर्य , सतीश सेन , मदन कुमार सेन , गांधी शर्मा , देवीसिंह जडोदिया , आर सी सविता,बलराम सेन , अजय कुमार ,अशोक कुमार नंद ,शिवसहाय नंदवंशी ,घनश्याम दास शर्मा, धर्मपाल सिंह ठेकेदार ,मांगेराम ,मास्टर भोपाल सिंह , प्रदीप कुमार वर्मा, कल्याण सिंह आदि लोगों ने किया । यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव मा0 अवध राज नंद ने दिया है।



**संत सेन महाराज मंदिर नासिक, पालकी पुजन माजी महापौर अशोक जी मुर्तडक, नंदलाल sakla, छोटेलाल जी शर्मा, अशोक पवार, जीवनलाल टोकसिया आदी मान्यवर**

# 2 करोड़ 89 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**मुंबई :** मई 2019 में आरोपी दंपत्ति ने उनके कार्यालय में मुलाकात की थी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) लिंक के माध्यम से उनकी कंपनी के लिए एक ट्रॉवेल्स पोर्टल विकसित करने की पेशकश की थी। आरोपी ने इस पोर्टल को तैयार करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के नाम पर से अलग-अलग खाते में कुल 2.89 करोड़ रुपए स्वीकार किया था तथा इस निवेश के बदले एरीज वेकेशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से भारी रिटर्न की पेशकश की थी, लेकिन बाद में वे लोग मुकर गए। आरोप यह भी है कि आरोपियों ने अपने ट्रॉवेल पोर्टल को एपीआई के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल कंपनियों के साथ नहीं जोड़ा था और उनके पास बैंक गारंटी भी नहीं थी। इस प्रकार से उनके साथ व्यापार समझौते का उल्लंघन हुआ है। जैसा कि आरोपी ने समझौते का उल्लंघन करने के बाद जब डिडवाल ने अपने पैसों की मांग किया तो उल्टा धमकी दिया गया कि और पैसे निवेश करना होगा, नहीं तो सारा पैसा डूब जाएगा।



जिला चन्दौली के मुगलसराय विधानसभा में मौलिक अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष डा॰ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में कैडर संपन्न हुआ जिसमें पार्टी कि प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट संगीता विश्वकर्मा ने कहा अब अतिपिछड़ों को चिंता करने कि जरुरत नहीं है। क्योंकि मौलिक अधिकार पार्टी इनके अधिकार दिलाने के लिए कटिबद्ध है । आप सभी लोगों से मैं अपील करतीं हू मौलिक अधिकार पार्टी के सोच को जन जन तक पहुंचाने के लिए पुरा प्रयास करें। साथ में तन मन धन से सहयोग करके पार्टी के पदाधिकारियों को सरकार में भेजने का काम करें जिससे सर्वे समाज के खोऐ अधिकार व सम्मान को दिलाने का काम कर सकें। पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

# बच्चे बने राधा कृष्ण, माताएँ बनकर आईं यशोदा

## बेगलेस डे पर बच्चों ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला तारबाहर में बेगलेस डे पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार जो कि विद्यालय में बैगलेस डे होता हैं , वहाँ सैटरडे फनडे के रूप में मनाया जाता हैं। इसी तारतम्य में विद्यालय द्वारा जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चे राधा कृष्णा बन कर आये और उनके साथ उनकी माताएं यशोदा बनकर आईं। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चे, पालक, डीएड के शिक्षक, शाला की प्रधान पाठक , शिक्षिकायें, सफाईकर्मी, रसोइया सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को उपहार दिया गया।



बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। सभी बच्चों को चॉकलेट दिया गया। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठक पूजा तिवारी, शिक्षिकायें माधुरी निर्मलकर, ईश्वरी अय्यर, सफाईकर्मी राजिम खुटले, रसोईया शिखा रॉबिन्सन, अभिभावक और सभी बच्चे उपस्थित थे।

# दिनेश शर्मा के निवास स्थान जोगेस्वरी में अनिल शर्मा ने की सामाजिक सम्बन्ध को मजबूत बनाने के लिए बैठक



**जोगेश्वरी,** दिनांक 10 सितम्बर 2023 को दिनेश शर्मा ( शिक्षा विभाग बाबू ) के निवास स्थान जोगेश्वरी में किया गया भाई चारा और समाज को मजबूत बनाने के लिए बैठक जिसमे समाज के तमाम लोग उपस्थित थे सभी लोगो ने भाई चारा और समाज को मजबूत बनाने के लिए अपना अपना विचार रखे जिसमे प्रकाश शर्मा रिटायर टीचर ने कहा आत्म सम्मान पाने के लिए अपने आप को मजबूत और अपने परिवार को मजबूत बनाना पड़ेगा आदमी की पहचान उसके क्वॉलिटी से होता है ,दिलीप शर्मा अध्यापक टिटवाला ने कहा बच्चो को अच्छी शिक्षा दे कर ही समाज को आगे बढ़ाना आसान होगा ,जीतेन्द्र शर्मा ने कहा समाज को आगे बढ़ाने में मेरी जो भी जरुरत पड़े हम समाज के साथ है ,हरिशंकर शर्मा ने भाई चारा एकता बनाने पर प्रकाश डाला ,दिनेश शर्मा ने कहा शिक्षा सम्बंधित किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ेगी हम समाज के साथ है !अनिल शर्मा ने उपस्थित सभी लोगो को आभार जताया और बोले की आपसी सम्बन्ध जितना मजबूत बनायेगे समाज उतना ही तेजी से विस्तार करेगा !

**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, यांचे कार्यालय**

**Email :- integratedmumbai.ee@mahapwd.com**

**दुरध्वनी क्र. २२०१६९७४ फॅक्स क्र. २२०१६९७६**

**ई-निविदा सुचना क्र.५० सन २०२३-२०२४**

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां) विभाग, फोर्ट, मुंबई-०१ (दूरध्वनी क्र. २२०१६९७४/७६) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून खालील कामाकरीता "ब-१" नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर **http://mahatenders.gov.in** येथून डाऊनलोड करण्यांत यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां) विभाग, फोर्ट, मुंबई, यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रु. |
|---|---|---|
| १ | जे.जे. येथील ओल्ड बॉईज वसतिगृहाच्या इमारतीची दुरुस्ती व नूतनीकरण हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई. | १९९९०२५/- |
| २ | सर जे.जे. येथील सहा ब्लॉक सर्व्हंट क्वार्टर्स बिल्डिंगमध्ये किरकोळ विविध दैनंदिन दुरुस्तीच्या कामांची वार्षिक देखभाल हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई. | १८८५०५९/- |
| ३ | जी.टी.च्या अंतर्गत मधोमध आणि बाजूच्या पायऱ्यांची दुरुस्ती आणि पुनर्रचना करणे. जी.टी.ची हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्स इमारत हॉस्पिटल मुंबई. | १६८४८७४/- |
| ४ | बंधकाम भवन, मुंबई येथे मुख्य अभियंता कार्यालय चौथ्या मजल्याची दुरुस्ती व नूतनीकरण. | ११०४५३९/- |
| ५ | सर जे.जे. येथील डॉक्टर्स क्वार्टर्स बिल्डिंग क्र.६ (शांती बिल्डिंग) च्या बाहेरील बाजूचे नूतनीकरण ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २४९९३७९/- |
| ६ | सर जे.जे. येथील सहा ब्लॉक सर्व्हंट क्वार्टर्स इमारतीच्या डी ब्लॉक (दुसऱ्या मजल्यावरील खोली क्र. २३ ते ३३) अंतर्गत खोली, शौचालय क्षेत्र, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २४२१३८६/- |
| ७ | सर जे.जे. येथील सहा ब्लॉक सर्व्हंट क्वार्टर्स इमारतीच्या सी ब्लॉक (दुसऱ्या मजल्यावरील खोली क्र. 51 ते 60) अंतर्गत खोली, शौचालय क्षेत्र, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २०५२५३६/- |
| ८ | ओटीपीचे फ्लोअरिंग, प्लास्टर, पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती कक्ष युनानी रुग्णालय विभाग जे.जे. हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई. | १९९४९५६/- |
| ९ | जुन्या नर्सेस क्वार्टर्स बिल्डिंगची वार्षिक देखभाल, सहा शौचालय शवागार, सर्व्हंट क्वार्टर्स (मृतगृहाजवळ) डॉ. जमनाबाई, पंप हाउस (जुने), सर्व्हंट (एल टाइप) कॅन्टीन, अलब्लेस बिल्डिंगचे कॅन्टीन, लॉन्ड्री आणि स्टेस्वाड क्वार्टर्स, कामा येथील पीडब्ल्यूडी सेवा केंद्र आणि अलब्लेस हॉस्पिटल्स, मुंबई. | १७७६२५६/- |
| १० | सर जे.जे. येथील त्रिमूर्ती बिल्डिंगच्या पाचव्या मजल्यावरील डॉक्टरांच्या क्वार्टर रूमची दुरुस्ती व नूतनीकरण ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स कंपाउंड, मुंबई. | २७९५३४५/- |
| ११ | फिजिओलॉजी प्रायोगिक हॉलमध्ये प्लास्टरिंग आणि पेंटिंग आणि जे.जे. येथील फिजियोलॉजी विभागातील टी. लाकडी खिडकीऐवजी खिडकी (ॲल्युमिनियम) ची दुरुस्ती आणि सुधारणा. हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई. | २७६३३८०/- |
| १२ | सर जे.जे. येथील डॉक्टर्स क्वार्टर बिल्डिंग क्र.६,७,८(A) आणि ८(B) (शांती, भक्ती आणि तृप्ती बिल्डिंग) च्या पावसाळ्यापूर्वी दुरुस्तीचे काम ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | ९९८८८६/- |
| १३ | प्लास्टर कसे करावे आणि अंतर्गत खोलीची दुरुस्ती, बाह्य कंपाउंड वॉल, P.C.C. आणि बहिरमजी बैठी चाळीचे (तळमजला 5 प्लस 2 खोल्या) छताचे काम सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | १८२९९०७/- |
| १४ | कंपाउंडर क्वार्टर्स इमारतीतील उत्तर बाजूच्या पहिल्या मजल्यावर निवासी खोल्यांची दुरुस्ती आणि नूतनीकरण आणि सर जे.जे. येथील स्वस्तिक बिल्डिंगच्या पाचव्या मजल्यावर डॉक्टरांच्या क्वार्टरच्या खोलीची दुरुस्ती आणि नूतनीकरण. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स कंपाउंड मुंबई. | ४६३४००८/- |
| १५ | सर जे.जे. येथील शारदा बिल्डिंगच्या तिसऱ्या, चौथ्या, पाचव्या, सहाव्या मजल्यापर्यंत आणि पायऱ्या तळमजला ते सहाव्या मजल्यापर्यंत दुरुस्ती आणि नूतनीकरण कसे करावे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | ५०६७६७६/- |
| १६ | एमओडब्ल्यू ते नूतनीकरण ते वॉटरप्रूफिंगसाठी नवीन स्थापना क्वार्टर इमारतीचे सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २७०१५६४/- |
| १७ | बंधकाम भवन बिल्डिंग, मुंबई येथे लेडीज आणि जेंट्स ऑफिसर्स टॉयलेट आणि जेंट्स कॉमन टॉयलेट ए-विंग, तळमजला आणि पहिला मजला आणि दुसरा मजला आणि चौथा मजला यांचे नूतनीकरण. | ४४४८१३९/- |
| १८ | सर जे.जे. येथील पंचशील इमारतीच्या दुसऱ्या ते तिसऱ्या मजल्यावरील डॉक्टरांच्या क्वार्टर रूमची दुरुस्ती व नूतनीकरण ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स कंपाउंड, मुंबई. | २८९२१९८/- |
| १९ | सर जे.जे. येथील अपना बॉईज वसतिगृह इमारतीच्या अंतर्गत बाजूची संरचनात्मक दुरुस्ती आणि मजबुतीकरण ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | १९९९३१४/- |
| २० | सर जे.जे. येथील सिक्स सर्व्हंट क्वार्टर्स बिल्डिंगच्या ए ब्लॉक (तळमजला ते तिसरा मजला) जिना, पॅसेज एरिया, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल. मंबई. | २१०७६६६/- |
| २१ | Gr येथे बालरोग HOD विभाग कार्यालय, कर्मचारी कक्ष आणि स्टोअर रूमचे अपग्रेड आणि नूतनीकरण. बलराम इमारतीचा मजला, सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स भायखळा, मुंबई. | २४८९१०९/- |
| २२ | सर जे.जे. येथील सहा सर्व्हंट क्वार्टर्स इमारतीच्या सी ब्लॉक (तळमजला खोली क्र. ११ ते २०) अंतर्गत खोली, शौचालय क्षेत्र, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुंबई. | २०५२५३६/- |
| २३ | सर जे.जे. येथील सहा ब्लॉक सर्व्हंट क्वार्टर्स इमारतीच्या सी ब्लॉक (पहिल्या मजल्यावरील खोली क्र. 31 ते 40) अंतर्गत खोली, शौचालय क्षेत्र, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २०५२५३६/- |
| २४ | जे.जे. येथील तृप्ती बिल्डिंग बी विंगची दक्षिण (पुढील बाजू), शांती बिल्डिंगची उत्तर (मागील बाजू), दक्षिण पूर्व (समोर आणि उजवी बाजू) स्ट्रक्चरल दुरुस्ती आणि मजबुतीकरण. हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई. | ७४९३६६४/- |
| २५ | सर जे.जे. येथील सहा ब्लॉक सेवक क्वार्टर्स बिल्डिंगच्या ए ब्लॉक (तळ मजल्यावरील खोली क्र. १३ ते २४) अंतर्गत खोली, शौचालय क्षेत्र, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २४२१३८८/- |
| २६ | ट्रमूर्ती बिल्डिंगच्या चौथ्या मजल्यावरील डॉक्टर क्वार्टर रूमची दुरुस्ती आणि नूतनीकरण सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स कंपाउंड, मुंबई. | २७९४४१२/- |
| २७ | G.T. येथे कॉंक्रीट रस्ता आणि दुरुस्ती कंपाउंड वॉलचे बांधकाम. मुंबई येथील हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्सची इमारत. (भाग-I आणि II) | ४८५३७३१/- |
| २८ | G.T. येथे कॉंक्रीट रस्ता आणि दुरुस्ती कंपाउंड वॉलचे बांधकाम. मुंबई येथील हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्सची इमारत. (भाग-I आणि II) | १४६१८५४/- |
| २९ | सर जे.जे. येथील सहा ब्लॉक सर्व्हंट क्वार्टर्स इमारतीच्या सी ब्लॉक (पहिल्या मजल्यावरील खोली क्र. २१ ते ३०) अंतर्गत खोली, शौचालय क्षेत्र, प्लास्टर आणि पेंटिंगचे नूतनीकरण आणि दुरुस्ती ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई. | २१४९६३४/- |
| ३० | जे.जे. येथील मुख्य इमारतीत प्रभाग क्रमांक ८ साइड फ्लोअरिंगचे अपग्रेड व नूतनीकरण आणि डॅडोचे काम हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई. | ७०२४२६६/- |

**(एकूण ३० कामे)**

ई-निविदा उपलब्ध कालावधी : **दिनांक ११/०९/२०२३ सकाळी १०.३० पासून ते दिनांक १८/०९/२०२३ रोजी १७.०० पर्यंत**

ई-निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास) : **दिनांक २१/०९/२०२३ रोजी १५.०५ वाजता**

खालील संकेतस्थळावरुन ई-निविदाची सर्व माहिती उपलब्ध आहे. १. http://mahapwd.com २. http://mahatenders.gov.in
(सदर निविदेसूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेब साईटवरती कळविण्यात येईल.)
३. कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां) विभाग, फोर्ट, मुंबई कार्यालयातील सूचना फलक.

जा.क्र.एघ(सा.बां.)/निविदा/ ५४८७
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग,
बांधकाम भवन, २ रा मजला, दूरध्वनी क्र. ०२२-२२०१६९७४/७६
२५ मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई-४०० ००१.
दिनांक : ०५/०९/२०२३

कार्यकारी अभियंता,
एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग,
मुंबई-४०० ००१.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C३४१८

# नवविवाहिता के ससुराल वालों द्वारा पहले जबरन गर्भपात, जान लेने की कोशिश



**भिवंडी** : भिवंडी शहर के कामतघर इलाके में एक नवविवाहिता के ससुराल वालों द्वारा पहले जबरन गर्भपात कराया गया, फिर जहर देकर उसकी जान लेने की कोशिश की गई। इस मामले में पीड़ित महिला ने अपने पति समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। नारपोली पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता 21 वर्षीया महिला बुलढाणा जिले के मलकापुर शहर की रहने वाली है, जिसकी शादी वर्ष 2021 में भिवंडी के कामतघर इलाके में हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद पीड़ित महिला गर्भवती हो गई। लेकिन 8 मई से 16 अक्टूबर 2021 के दौरान पीड़ित महिला का पति के साथ छोटे-मोटे विवाद होते थे, जिससे आक्रोशित होकर ससुराल वालों ने विवाहिता का जबरन गर्भपात करा दिया। इतना ही नहीं महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि इसके बाद ससुराल वालों ने साजिश के तहत उसे जान से मारने के इरादे से जबरन जहर पिलाने की कोशिश की, जिसकी जानकारी मिलने पर पीड़ित महिला के माता-पिता उसे अपने घर ले गए, जहां पहुंचकर विवाहिता ने अपनी आपबीती परिजनों को सुनाई। जिसके बाद परिवार वालों ने जून 2021 को बुलढाणा जिले के मलकापुर पुलिस स्टेशन में महिला पति सहित 5 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, बुलढाणा कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि घटना भिवंडी के नारपोली थाना क्षेत्र की है। इसलिए इस मामले को भिवंडी शिफ्ट कर दिया जाय। नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मदन बल्लाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 313, 504, 34 के तहत मामला दर्ज किया है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# धनजी स्ट्रीट में किया गया दहिहंडी और भंडारे का आयोजन

**मुंबई.** झवेरी बाजार के धनजी स्ट्रीट में पिछले कई वर्षो से लगातार






